तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 9 मई 2025



रजिस्ट्री के बाद स्वतः नामांतरण अलग से नहीं करनी होगी प्रक्रिया






## खबर संक्षेप



### अधूरे सड़क निर्माण को पूरा कराने कलेक्टर से मांग

**रायगढ़।** तमनार से कसडोल तक के अधूरे सड़क निर्माण को पूरा कराने के लिए स्थानीय लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। वहीं जल्द ही इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों की मानें तो क्षेत्रवासियों की मांग पर तमनार से कसडोल होते हुए रायगढ़ मुख्य पहुंच सड़क का निर्माण सीएसआर मद से किया जा रहा है। यह मार्ग वर्तमान में विकासखंड से जिला मुख्यालय तक आवागमन के लिए मुख्य मार्ग है। कुछ माह पूर्व सोलर प्लांट के निर्माण के समय जिंदल कंपनी द्वारा नए सड़क पर भारी वाहनों को प्रवेश कराने से सड़क जर्जर हो गया है। ग्राम गोढ़ी के कुछ लोगों द्वारा सड़क के चौड़ाई को काट कर करीब 100 मीटर की लम्बाई को संकरा कर दिया गया है। कुछ लोगों द्वारा सड़क के चौड़ाई पर सवाल उठाते हुए उक्त निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न किया जा रहा है, जिससे निर्माण कार्य रोक दिया गया है और ग्रामीणों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में उन्होंने कलेक्टर से निवेदन किया है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए राजस्व विभाग द्वारा सड़क के चौड़ाई का सीमांकन करवाकर निर्माणाधीन सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। जिससे ग्रामीणों को सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त हो सके।

### तेंदूपत्ता तोड़ रहा युवक करंट से चिपका, मौत

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेंदूपत्ता तोड़ने पेड़ पर चढ़ा एक युवक अचानक उपर से गुजरे विद्युत प्रभावित तार की चपेट में आ गया। जिससे करंट की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। दरअसल ग्राम भेंगारी निवासी पीलांबर राठिया गुरुवार की सुबह तेंदू पत्ता तोड़ने भलवाही पथरा जंगल गया था, जहां जंगल मे स्थित पेड़ पर चढ़ कर पत्ता तोड़ रहा था। उसी वक्त पेड़ का एक डगाल उपर से गुजरे 11 केवी लाइन से टच हो गया और पीलांबर को करंट लगने पर वे पेड़ से नीचे गिर गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए तत्काल घरघोड़ा अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के दौरान ही उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

### तमनार सहित अन्य स्थानों में समाधान शिविर आज

**रायगढ़।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 9 मई को जिले के 4 स्थानों में प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर का आयोजन होगा। इसमें पुसौर के कोड़ातराई, तमनार के चितवाही, खरसिया के सरवानी एवं धरमजयगढ़ के मुनुन्द शामिल है।

### टुंड्री और भेड़वन में समाधान शिविर आज

**सारंगढ़।** सुशासन तिहार के तृतीय चरण में 9 मई को बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम टुंडरी और सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम भेड़वन में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। समाधान शिविर प्रातः 10 बजे से शाम 3 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। समाधान शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। हितग्राही मूलक योजनाओं के आवेदन पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रत्येक शिविर के लिए एक खंड स्तरीय अधिकारी को प्रभारी बनाया जाएगाए जो शिविर के समुचित संचालन को सुनिश्चित करेंगे। समाधान शिविरों में विकासखंडए अनुभाग एवं जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस प्रकार की व्यवस्था नगरीय निकायों के शिविर में भी की जाएगी।

## 15वें वित्त की राशि से अमृत मिशन की अधूरी योजना को पूरा कर रहा निगम

# 150 करोड़ खर्च के बाद भी पानी के लिए हाहाकार, अब छूटे वार्डों में बिछा रहे पाइप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अमृत मिशन योजना में 150 करोड़ रुपए खर्च करने के बाद भी इस भीषण गर्मी में शहर के कई वार्डों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। शासन से मिले 15वें वित्त की राशि से इस अधूरी योजना को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा शहर के वार्ड क्रमांक 12 और 20 में पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। निगम प्रशासन की मानें तो इससे उक्त वार्डों के लोगों को पानी के लिए तरसना नहीं पड़ेगा।

दरसअल नगर निगम ने वर्ष 2018 में अमृत मिशन योजना शुरू की थी। यह प्रोजेक्ट करीब 145 करोड़ रुपए का था। इस योजना का उद्देश्य हर घर में अमृत मिशन का नल कनेक्शन और लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था। वर्ष 2022 में ठेकेदार ने शहर के भीतर 386 किमी में पाइप लाइन बिछाकर काम कम्प्लीट कर दिया, लेकिन इसमें बजट से ज्यादा 150 करोड़ रुपए खर्च हो गए। इसके बाद भी शहर के कुछ वार्डों में पाइप लाइन अब तक नहीं बिछ पाया है। हाल ही में नगर निगम को शासन से 15वें वित्त के रूप में 1 करोड़ 39 लाख रुपए की राशि मिली है। ऐसे में नगर निगम द्वारा अमृत मिशन योजना के तहत जो वार्ड छूट गए थे उन वार्डों में उक्त राशि को खर्च कर पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 12 रामगुढ़ी पारा में तो किसी भी स्थान पर पाइप लाइन नहीं बिछ पाया था, पूरा वार्ड इस योजना से कोसों दूर था। वहीं वार्ड क्रमांक 20 के भी कई क्षेत्रों में पाइप लाइन बिछाने का काम अधूरा था। ऐसे में नगर निगम द्वारा नए सिरे से इन क्षेत्रों में पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। वर्तमान में गांजा चौक के आसपास यह काम चल रहा है। निगम की मानें तो यह काम पूरा हो जाने से लोगों को भविष्य में पानी की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ेगा।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव



### सर्किट हाउस फिल्टर प्लांट से होगा लुपिंग का काम

इसके अलावा 15वें वित्त की इस राशि से सर्किट हाउस फिल्टर प्लांट से लुपिंग का काम भी होगा। जिसमें फिल्टर प्लांट से वाटर वर्ल्ड होते हुए रामपुर तक 1200 मीटर का एक लंबा मुख्य पाइप लाइन बिछाया जाएगा। जिससे इस मार्ग में लगे जितनी भी गलियां हैं उन गलियों के पाइप लाइन को इस मुख्य पाइप लाइन में जोड़ दिया जाएगा। ताकि इन क्षेत्रों में पानी का प्रेशर बढ़ जाए और लोगों को पर्याप्त पानी मिले। ज्ञात हो कि अब तक इन क्षेत्रों में पानी घूम कर लंबी दूरी तय करते हुए पहुंच रहा था अब दोनों तरफ से पानी आएगा और एक तरह का लूप कम्प्लीट हो जाएगा।

शासन से नगर निगम को 15वें वित्त की राशि के रूप में 1 करोड़ 39 लाख रुपए मिला है। जिन वार्डों में अमृत मिशन का पाइप लाइन नहीं बिछ पाया था, उन वार्डों में उक्त राशि का उपयोग कर पाइप लाइन बिछाया जा रहा है। जिससे भविष्य में लोगों को पानी की किल्लत नहीं होगी।

**सूरज देवांगन**
जल प्रभारी, नगर निगम

### पहले बोर पंप किया बंद अब फिर कर रहे शुरू

सालों पहले नगर निगम द्वारा वार्डों में लगे हैंडपंप को उखाड़ कर उसके स्थान पर बोर पंप लगाया गया। वहीं जब अमृत मिशन योजना शुरू हुई तो वार्डों में लगे करीब 70 बोर पंप को निकाल दिया गया। ऐसे में इन वार्डों में जब अमृत मिशन का पानी पर्याप्त रूप से नहीं पहुंचा और लोगों को पानी की किल्लत शुरू हुई तो जनप्रतिनिधियों ने परिषद की बैठक में जमकर हंगामा मचाया। रोजाना हो रहे विवाद को देखते हुए नगर निगम द्वारा वार्डों में फिर से बोर पंप लगाया जा रहा है, अब तक 35 बोर पंप लगाया जा चुका है। इस तरह शहर के सभी वार्डों में कुल 576 बोर पंप तो 370 हैंडपंप हैं।

### इन क्षेत्रों में भी होगा काम

पूर्व में डिग्री कॉलेज के सामने 100 मीटर का पाइप लाइन छूट गया था, ऐसे में निगम द्वारा उसे पुराने लाइन से कनेक्ट कर दिया था। अब उक्त लाइन को अलग-अलग करने की बात कही जा रही है। जिससे लोचन नगर और कौहाकुंडा के लिए अलग-अलग सेपरेट लाइन हो जाएगा। जिससे इन क्षेत्रों में पानी का प्रेशर थोड़ा बढ़ेगा।

### इन वार्डों में नहीं के बराबर पहुंच रहा पानी

शहर के वार्ड क्रमांक 25 कौहाकुंडा क्षेत्र में तो शुरू से ही अमृत मिशन का पानी नहीं पहुंच पाया है। यहां लगे बोर पंप ही ड्राई होने से लोग जिनके घरों में खुद का बोर पंप लगा है उनसे पानी खरीद कर पीने को मजबूर हैं। इसी तरह रामभाठा के कई क्षेत्रों में भी पानी नहीं पहुंच रहा है। जबकि 25, 32, 38, 42 सहित कुछ वार्डों में अमृत मिशन का कनेक्शन होने के बाद भी यहां पानी नहीं के बराबर पहुंच रहा है। जिससे नगर निगम द्वारा करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी लोग पानी के लिए तरस रहे हैं।



# तालाब में मिली महिला की लाश, फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत लोईंग गांव के तालाब में एक स्थानीय महिला की तैरती लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। कई लोग इस हत्या कह रहे हैं तो कई इसे आत्महत्या बता रहे हैं। जबकि पुलिस टीम इसे हादसा बता रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दरअसल ग्राम लोईंग में भोजपल्ली रोड पर स्थित अघरिया तालाब में सुबह 8 बजे स्थानीय महिला जंबोवती निषाद (40) की पानी में तैरती लाश मिली। स्थानीय लोगों ने जब तालाब में एक महिला का शव देखा तो इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकाला गया। इसके बाद महिला की शिनाख्ती जंबोवती के रूप में हुई। पुलिस प्रथम दृष्टया महिला की मौत पानी से डूबने से मान रही है। फिलहाल पीएम रिपोर्ट और मर्ग जांच में ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

**खास बात**

- हत्या, आत्महत्या या हादसा जांच में जुटी चक्रधर नगर पुलिस

### मायके पक्ष लगा रहे हत्या का आरोप

मृतका जंबोवती निषाद का मायके बरगढ़ ओडिशा में है। घटना की सूचना मिलने पर मृतका की मां और भाई भी घटना स्थल पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अपने दामाद पर जंबोवती की हत्या का आरोप लगाया है। मायके पक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि जंबोवती का पति उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करता था। इसलिए वह अक्सर अपने मायके में रहती थी। करीब 20 दिन पूर्व ही उसका पति उसे लेकर आया था। बुधवार की रात भी वह अपनी पत्नी को झगड़ा कर भगा दिया था और सुबह उसकी लाश मिली।

# सालर में अधूरी टंकी से लोगों को हो रही पानी की किल्लत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सारंगढ़ के ग्राम सालर में पानी टंकी का निर्माण अधूरा होने से भीषण गर्मी में लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार द्वारा मनमानी करने से इसका खामियाजा क्षेत्रवासियों को भुगतना पड़ रहा है। ठेकेदार पर कार्रवाई करने के बजाय अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं।

दरअसल सारंगढ़ के ग्राम सालर में हो रही पानी की समस्या की समस्या को देखते हुए प्रशासन जल जीवन मिशन योजना के तहत स्कूल के पास पानी टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे लोगों को पानी की समस्या से छुटकारा मिल सके, लेकिन ठेकेदार द्वारा शासन की इस मंशा पर पानी फेरने का काम किया जा रहा है। सालर में निर्माणधीन पानी टंकी को अधूरा छोड़ कर संबंधित ठेकेदार कही अन्यत्र चला गया है। जिसके कारण पिछले 8 माह से निर्माण कार्य बंद पड़ा है। इस संबंध में गांव के कुछ लोगों सुशासन तिहार में भी मामले की शिकायत की है। वर्तमान में सालर के बस्ती पारा व टंकी पारा में पीने के पानी के लिए लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी में क्षेत्र का नाला भी सूख गया है। जिसके कारण सालर गांव वासियों को निस्तारी के लिए नलकूप य अन्य गांव में जाना पड़ रहा है। यहां अधूरे टंकी के पास कोई सूचना बोर्ड भी नहीं लगा है। जिसके कारण यहां के लोगों को उसकी स्वीकृति व ठेकेदार से संबंधित जानकारी भी नहीं मिल पा रहा है।



### खरसिया पुलिस ने वनोपज सहकारी समिति प्रबंधक और मृतका के पुत्र को किया गिरफ्तार

# आधार में महिला की जन्म तिथि बदल कर हड़प ली बीमा की रकम

**रायगढ़।** खरसिया में महेन्द्र कर्मा बीमा योजना के तहत मिलने वाली बीमा राशि को धोखे से प्राप्त करने के लिए मृतका के दस्तावेजों में हेराफेरी करने वाले प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित खरसिया के प्रबंधक और मृत महिला के पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। इस फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ जब वन परिक्षेत्र अधिकारी संतोष कांत ने थाना खरसिया में शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत के अनुसार ग्राम बेन्दोझरिया निवासी मृतका गायत्री बाई साहू का वास्तविक आधार कार्ड 1 जनवरी 1953 की जन्मतिथि दर्शाता है, जबकि बीमा दावे के लिए प्रस्तुत दस्तावेज में जन्मतिथि 01 जनवरी 1973 कर दी गई थी। बीमा योजना के तहत पात्रता की आयु सीमा को देखते हुए आरोपी प्रबंधक सुन्दरलाल साहू ने मृतका की आयु कम दिखाने के लिए उसके आधार कार्ड में डिजिटल रूप से छेड़छाड़ की और फिर गौरीशंकर साहू को लाभार्थी बनाकर महेन्द्र कर्मा बीमा योजना के तहत 2 लाख का बीमा लाभ दिलवाया। हैरानी की बात यह रही कि दावेदार गौरीशंकर के आधार कार्ड में भी जन्मतिथि 18 जून 1972 से बदलकर 18 जून 1992 कर दी गई, ताकि उसे मृतका का बेटा बताया जा सके। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी गौरीशंकर ने बीमा की राशि प्राप्त करने के बाद 70000 सुन्दरलाल को दिए थे। पूछताछ में दोनों ने आरोप स्वीकार कर लिया है, जिसके बाद उनके कब्जे से फर्जीवाड़े में उपयोग किया गया लैपटॉप, प्रिंटर, आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं। मामले में थाना खरसिया में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।



# फूलबाई और मालती को मिली खुशियों की चाबी

**रायगढ़।** सुशासन तिहार अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं एसपी दिव्यांग पटेल ने संयुक्त रूप से रायगढ़ के शासकीय भूपदेव पूर्व माध्यमिक शाला एवं गोपालपुर के नवीन शासकीय प्राथमिक शाला कोरियादादर में लगे समाधान शिविर का निरीक्षण किया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं एसपी दिव्यांग पटेल ने विभागीय स्टॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय योजनाओ एवं प्राप्त होने वाले आवेदनों की जानकारी ली। उन्होंने पात्र हितग्राहियों को विभागीय योजना से लाभान्वित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि नगरीय निकाय में नेत्र परीक्षण के लिए व्यवस्था कर बच्चों का नेत्र परीक्षण करें। इसके साथ ही शिविर में आने वाले मरीजो का जांच उपरांत उनका फॉलोअप भी लिया जाए। गोपालपुर के कोरियादादर स्थित नवीन शासकीय प्राथमिक शाला में आयोजित शिविर में फूलबाई एवं मालती रात्रे को घर की प्रतीकात्मक चाबी भेंट की गई। चॉबी मिलने से उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज शिविर में उन्हें पीएम आवास की खुशियों की चाबी मिली है। उन्होंने कहा कि कच्चे मकान होने से काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था, लेकिन भय एवं चिंता मुक्त होकर रह सकते हैंए इसके साथ ही आज उनके पक्के घर का सपना भी पूरा हुआ है।



### सिल्ली में प्रशासन ने रुकवाया बाल विवाह

**जांजगीर-चांपा।** मुलमुला थाना क्षेत्र के सिल्ली में जिला प्रशासन की टीम ने बाल विवाह रुकवाया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल ने बताया कि ग्राम सिल्ली, थाना मुलमुला तहसील पामगढ़ में बाल विवाह संबंधी सूचना प्राप्त होते ही बालिका के घर जाकर बालिका के उम्र सत्यापन हेतु अंकसूची की जांच की गई बालिका की जन्म तिथि 23 अप्रैल 2009 जिसमें बालिका का उम्र 16 वर्ष 00 माह 13 दिन होना पाया गया।

# ट्रैक्टर चालक की मौत के बाद मुआवजे के लिए चक्काजाम

**अकलतरा।** क्रेशर खदान में ट्रैक्टर चालक की मौत के बाद परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर तरौद चौक में चक्काजाम कर दिया। क्रेशर मालिक द्वारा मुआवजा देने के आश्वासन पर 2 घंटे बाद चक्काजाम समाप्त हुआ। ग्राम किरारी स्थित सासाराम क्रेशर खदान में 6 मई को रैंप से ट्रैक्टर ले जाते समय दुर्घटना घटित होने से ट्रैक्टर चालक सत्यनारायण यादव उर्फ छोटू उम्र 35 वर्ष पिता गदला यादव की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों एवं ग्राम वासियों के द्वारा बुधवार 7 मई की सुबह 10 बजे सत्यनारायण यादव के शव को तरौद चौक में रखकर मुआवजे की मांग को लेकर चक्का जाम कर दिया गया। चक्का जाम की सूचना पर नायब तहसीलदार शालिनी तिवारी, प्रशांत गुप्ता, एसडीओपी प्रदीप सोरी ,अकलतरा थाना प्रभारी मणिकांत पांडे, मुलमुला थाना प्रभारी मनोज जाटवर चक्का जाम स्थल पर पहुंचे एवं परिजनों को चक्का जाम समाप्त करने की समझाइए दी गई ।

## वित्त मंत्री ने किया ऐलान, वीडियो कॉल में बच्चों को दी बधाई

# टॉपर्स को प्रोत्साहन के रूप में मिलेगा 25-25 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जिले से कक्षा दसवीं और बारहवीं के मेरिट लिस्ट में स्थान बनाने वाले छात्रों से वीडियो कॉल में बात कर उन्हें इस सफलता पर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने प्रावीण्य सूची में आने वाले सभी 5 छात्रों को 25-25 हजार रुपए देने की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि रायगढ़ से कक्षा 10 वीं और 12 वीं के मेरिट लिस्ट में स्थान बनाने वाले पांचों छात्र आज कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे। इनमें कक्षा 10 वीं की छात्रा हेमलता पटेल, आयुषी कुमारी एवं रौनित चौहान तथा कक्षा 12 वीं की छात्रा कृतिका यादव एवं तरंग अग्रवाल शामिल थे। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने बच्चों से कहा कि अब आगे सही प्लानिंग के साथ अपने करियर को दिशा देने में जुट जाएं। अगले 7-8 सालों की आपकी मेहनत आपके पूरे जीवन को बदल सकती है। स्पष्ट लक्ष्य और सही रणनीति के साथ किया गया प्रयास सफलता के नई राहें खोलेगा। उन्होंने बच्चों से कहा कि आज करियर बिल्डिंग के लिए कई नए फील्ड और अवसर उपलब्ध हैं। जो कुछ सालों पहले तक नहीं थे। उन्होंने छात्रों से कहा कि जो भी करें उसके लिए अपने मुख्य रणनीति के साथ बैकअप प्लानिंग भी तैयार रखें। जीवन किसी एक सफलता या सफलता पर नहीं टिका है। सफल होते हैं तो अगले लक्ष्य की ओर दुगुने जोश और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। असफलता से निराश नहीं होना है। आपका एटीट्यूड ही आपका भविष्य तय करेगा।



### पालकों से कहा, आप हैं शिल्पकार

ओपी चौधरी ने सभी सफल बच्चों के माता-पिता और शिक्षकों को भी बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की लगन और मेहनत के साथ उनकी इस सफलता के शिल्पी आप भी हैं। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि बच्चों को उनकी जिम्मेदारी का अहसास कराना बड़ी बात हैं। इसमें पालकों और शिक्षकों की सबसे अहम भूमिका होती है। एक बार बच्चा अपनी जिम्मेदारियों को समझ जाता है तो फिर अपने परिश्रम से सफलता के नित नया आयाम तय करता है।

### कलेक्टर ने बच्चों को दी शुभकामनाएं

इस मौके पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने भी बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने छात्रों को अपने करियर के लिए आवश्यक स्किल डेवलपमेंट के साथ इंटरनेट का अपने नॉलेज बिल्डिंग में सही इस्तेमाल करने की बात कही। साथ ही उन्होंने बच्चों को रचनात्मक हॉबीज और खेल कूद की गतिविधियों से भी जुड़े रहने का सुझाव दिया।

### अवैध विज्ञापन बोर्ड लगाने वालों की अब खैर नहीं

**रायगढ़।** नगर निगम के नियम एवं शर्तों का उल्लंघन करने पर नगर निगम ने आचार्य इंस्टीट्यूट पर 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। आचार्य इंस्टीट्यूट ने नगर निगम रायगढ़ से अनुमति लिए बिना ही शहर के बिजली और स्ट्रीट लाइट के खंभों के साथ ही अन्य सार्वजनिक स्थलों में अपने इंस्टीट्यूट का विज्ञापन बोर्ड लगा रहा था इंस्टीट्यूट द्वारा होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर के माध्यम से अपने संस्था का प्रचार प्रसार किया जा रहा था।

मौके पर नगर निगम रायगढ़ की टीम ने कार्रवाई की। संस्था की ओर से बैनरए पोस्टर, होर्डिंग्स बनवाकर खंभों, सार्वजनिक स्थलों के साथ सरकारी संपत्तियों का उपयोग विज्ञापन के लिए किया जा रहा था।

08- MAY- RAG Bhoomi- p-2_Layout 1 5/8/2025 9:12 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### दुर्घटना ने छीना श्याम का पैर ,सीएम कैम्प बना सहारा




**जशपुरनगर।** वाहन चालन का काम कर अपना जीवन यापन करने वाले श्याम यादव का जीवन बड़ा सुखमय था। मां पिता और पत्नी बच्चों से भरा पूरा हंसता खेलता परिवार का अकेला पालनकर्ता था। दुर्भाग्य से एक गंभीर हादसे में उसे गंभीर चोटें आईं और उसके एक पैर और हाथ ने चलना बंद कर दिया। हादसा से उनका पूरा जीवन परिवर्तित हो गया। कभी चार पहिया वाहन का चालन कर जीवन यापन करने वाले श्याम का अपने पैरों पर चलना भी मुश्किल हो गया। ऐसे में घर की समस्याओं में घिर कर वे बहुत परेशान थे। ऐसे में उन्होंने मदद के लिए सीएम कैम्प कार्यालय में सहायता के लिए आवेदन दिया। मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय ने विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर समाज कल्याण विभाग की दिव्यांगों को सहायक उपकरण प्रदान कराने की योजना के तहत श्याम को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। जिस पर श्याम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए कहा कि जब मेरे पैरों में बल नहीं था सीएम कैम्प कार्यालय ने मुझे नए सिरे से जीवन प्रारम्भ करने के हौसले के साथ मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की जिसके लिए मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं सीएम कैम्प कार्यालय को धन्यवाद देता हूं।

### सड़क दुर्घटना के मामले में 25 हजार की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पत्थलगांव ने सड़क दुर्घटना के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत पत्थलगांव तहसील के ग्राम गाला निवासी स्व. अमृता यादव का सड़क दुर्घटना में 02 सितम्बर 2024 को मृत्यु हो जाने से मृतका के निकटतम वारिस पति रामकुमार यादव हेतु 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने बढ़ाई गई शिविरों की संख्या

**जशपुरनगर।** सर्वाच्च न्यायालय के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त श्रेणी के मोटर वाहनों पर वाहन स्वामी द्वारा 120 दिवस के भीतर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाया जाना अनिवार्य किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि जशपुर जिले में पंजीकृत समस्त श्रेणी के वाहनों का एचएसआरपी लगाने की जिम्मेदारी मेसर्स रोसमेर्टा सेफ्टी सिस्टम लिमिडेड को दी गई है। मेसर्स रोसमेर्टा सेफ्टी सिस्टम लिमिडेड कम्पनी के द्वारा एचएसआरपी लगाए जाने हेतु जिले के सभी विकासखण्डों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इनमें जशपुर विकासखण्ड के तहसील कार्यालय परिसर में 07 से 10 मई 2025 तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी प्रकार कुनकुरी विकासखण्ड के जनपद पंचायत भवन में 12 से 14 मई तक, कांसाबेल विकासखण्ड के जनपद पंचायत भवन में 15 से 17 मई तक, पत्थलगांव के जनपद पंचायत भवन में 19 से 21 मई तक, फरसाबहार के जनपद पंचायत भवन में 22 से 24 मई तक, बगीचा के जनपद पंचायत भवन में 26 से 28 मई तक, मनोरा के जनपद पंचायत भवन में 29 से 31 मई 2025 तक एवं दुलदुला के जनपद पंचायत भवन में 02 से 04 जून 2025 तक शिविर का आयोजन किया जाना निर्धारित है। इन निर्धारित शिविरों के अलावा भी हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट की संख्या में तेजी लाने एवं आम जतना की सुविधा हेतु शिविरों की संख्या बढ़ाई गई है। जिसमें तहत 12 से 14 मई तक पत्थलगांव जनपद भवन में भी शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 15 से 17 मई तक बागबहार के पंचायत भवन, 19 से 21 मई तक कोतबा के सांस्कृतिक भवन, 22 से 24 मई तक तपकरा के सामुदायिक भवन, 26 से 28 मई तक सन्ना के पंचायत भवन, 29 से 31 मई 2025 तक आस्ता के पंचायत भवन एवं 02 से 04 जून 2025 तक कुनकुरी के जनपद पंचायत भवन में शिविर का आयोजन होगा।

# बंटी और बबली की तर्ज पर कई राज्यों में ठगी करने के आरोपी गिरफ्तार

## पत्थलगांव के व्यापारी की रिपोर्ट पर अंतरराज्यीय ठगों को दिल्ली से ढूंढ लाई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव


आरोपी रत्नाकर उपाध्याय व अनिता उपाध्याय।

- पुलिस ने 150 करोड़ रुपए की ठगी का किया पर्दाफाश
- अनेक व्यवसायिक संस्थानों को लगा चुके है बड़ा चुना

पत्थलगांव के एक व्यापारी से राष्ट्रीय ग्रामीण साक्षरता मिशन के नाम पर स्वेटर सप्लाई करने के लिए करोड़ों रुपए की ठगी करने वालों को पुलिस दिल्ली से ढूंढ कर ले आई है। आवश्यक पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ठगी के शिकार प्रार्थी अमित कुमार अग्रवाल ने 20 अप्रैल को थाना पत्थलगांव में रिपोर्ट दर्ज कराया,कि उसके साथ राष्ट्रीय ग्रामीण साक्षरता मिशन नई दिल्ली की डायरेक्टर अनीता उपाध्याय व उनके साथी सौरभ सिंह,रत्नाकर उपाध्याय व प्रांशु अग्रवाल द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण साक्षरता मिशन के नाम से स्वेटर सप्लाई करने के लिए 5 करोड़ 70 लाख रु की ठगी की गई है। रिपोर्ट पर थाना पत्थलगांव में बी एन एस की धारा 316(2)(5), 318(4), 336(1)(3), 338, 340(2), 341(1), 346 व 61(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध जांच विवेचना में लिया गया।विवेचना के दौरान मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा एसडीओपी पत्थलगांव धुर्वेश कुमार जायसवाल के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की पता साजी हेतु दिल्ली रवाना की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही थी।

### आरोपियों तक कैसे पहुंची पुलिस

पुलिस की टीम दिल्ली में दो दिनों तक कैंप लगाकर लगातार अभियुक्तों की पातासाजी कर रही थी।इस प्रकरण के चारों अभियुक्त इतने शातिर थे, कि वे आपस में वाईफाई के माध्यम से व्हाट्सएप्प कॉलिंग के द्वारा ही बात करते थे, व अपने मोबाइल फोन को अधिकांशतः बंद रखते थे। जिससे उन्हें ट्रेस करना पुलिस के लिए मुश्किल हो रहा था।

### एक हजार करोड़ की डीलिंग का झांसा

इसी दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण साक्षरता मिशन की ट्रस्टी अनीता उपाध्याय का एक मोबाइल नंबर कुछ देर के लिए चालू हालत में मिला वह अपने कस्टमरों से बात रही थी। पुलिस ने उसी नंबर से अनिता उपाध्याय से कस्टमर बन खुद को मंत्रालय का अधिकारी बताकर 1000 करोड़ रूपए की ऑर्डर दिलवाने का लालच दिया व मीटिंग हेतु होटल ताज चाणक्यपुरी दिल्ली में बुलाया। अनिता उपाध्याय इतनी शातिर थी, कि शुरू में मीटिंग के लिए तैयार नहीं हो रही थी। वह दो दिनों तक पुलिस को गुमराह करती रही। पुलिस द्वारा अनिता उपाध्याय से बार बार संपर्क कर उसे विश्वास में लिया गया, अंततः पुलिस की कोशिश रंग लाई और वह होटल ताज में मीटिंग हेतु राजी हो गई। होटल ताज में पुलिस का एक अधिकारी सादी वर्दी में व एक स्थानीय मॉडल को हायर कर तत्काल नया कोट पेंट खरीदकर पहनाया गया व उसे अपना असिस्टेंट बताकर अनीता उपाध्याय से मिलवाया गया। जिससे अनिता उपाध्याय को कोई शक न हो।

### पुलिस का प्रोफेशनल तरीका कर गया काम

पुलिस ने अत्यंत ही प्रोफेशनल तरीके से अनिता उपाध्याय से बातचीत कर उसे विश्वास में ले लिया। विश्वास में आकर अनिता उपाध्याय ने मुख्य अभियुक्त रत्नाकर उपाध्याय को उसके एक अत्यंत गोपनीय मोबाइल नंबर पर काल कर मीटिंग के संबंध में बताया इसी दौरान पुलिस की टेक्निकल टीम द्वारा दूसरे अभियुक्त रत्नाकर उपाध्याय को ट्रेस कर लिया गया व दिल्ली स्थिति जशपुर पुलिस की टीम उसकी धर पकड़ हेतु रवाना हुई। अभियुक्त रत्नाकर उपाध्याय इतना शातिर है कि वह टैक्सी बुक कर मोबाइल फोन को ऑन रखकर लगातार अपना लोकेशन बदल रहा था। पुलिस की टीम जब पहले लोकेशन पर पहुंचती उससे पहले वह दूसरे लोकेशन पर पहुंच जाता था। इस दौरान वह दिल्ली के कई जगहों पर लोकेशन बदलता रहा। पुलिस टीम लोकेशन ट्रेस कर लगातार पीछा करती रही, अंततः पुलिस सागरपुर (दिल्ली) में मेडिकल स्टोर के पास अभियुक्त रत्नाकर उपाध्याय को पकड़ने में सफल हुई।

### किडनैपर बता लोगों को किया इक्कठा

पुलिस के द्वारा जब अभियुक्त रत्नाकर उपाध्याय को अपना आइडेंटिटी कार्ड दिखाया गया तब अभियुक्त रत्नाकर उपाध्याय द्वारा पुलिस की गिरफ्त से बचने हेतु मेरा अपहरण किया जा रहा है कहते हुए आस पास के लोगों को चिल्लाकर इकट्ठा किया गया था। जशपुर पुलिस की टीम द्वारा तत्काल निकटतम दिल्ली पुलिस के थाने में सूचित किया गया, इस दौरान दिल्ली पुलिस के घटना स्थल में पहुंचते तक एसडीओपी पत्थलगांव धुर्वेश कुमार जायसवाल द्वारा अभियुक्त रत्नाकर उपाध्याय को अपने गिरफ्त में पकड़कर रखा गया था।

### पुलिस अधिकारी पर आरोपियों का हमला

पुलिस की गिरफ्त से बचने हेतु मुख्य अभियुक्त रत्नाकर उपाध्याय व उसकी पत्नी द्वारा एसडीओपी पत्थलगांव के ऊपर लगातार हाथ मुक्का से हमला किया जा रहा। अभियुक्त अनिता उपाध्याय को भी होटल ताज से हिरासत में ले लिया गया तथा दिल्ली से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर वापस लाया गया है।

### डायरेक्टर व कोफाउंडर पद से दिया इस्तीफा

मुख्य अभियुक्त रत्नाकर उपाध्याय द्वारा कस्टमर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से धोखा धड़ी करने के लिए वर्ष 2023 में ही संस्था के डायरेक्टर व को फाउंडर पद से अपना इस्तीफा दे दिया था व अपनी जगह अभियुक्त अनिता उपाध्याय को संस्था का डायरेक्ट नियुक्त किया था। परंतु आंतरिक रूप से संस्था का संचालन मुख्य अभियुक्त रत्नाकर उपाध्याय द्वारा ही किया जाता था। जब धोखा धड़ी के संबंध में कस्टमर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा अभियुक्त रत्नाकर उपाध्याय से संपर्क किया जाता था तो उसके द्वारा बताया जाता था कि, उसने संस्था के डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया है। मामले के संबंध में डायरेक्टर अनिता उपाध्याय से संपर्क करे। जब कस्टमरों के द्वारा अभियुक्त अनिता उपाध्याय से संपर्क किया जाता था, बताया जाता था कि उक्त मामला पूर्व डायरेक्टर रत्नाकर उपाध्याय से संबंधित है इसमें वह कुछ नहीं कर सकती है। इस प्रकार दोनो मिली भगत कर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को गुमराह करते हुए ठगी करते थे। मामले में संलिप्त दो अभियुक्त फरार है। जिसकी पुलिस द्वारा पतासाजी की जा रही है।

### छत्तीसगढ़ समेत 15 राज्यों में चल रहा था ठगी का खेल

विवेचना दौरान पुलिस की पूछताछ में जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार अभियुक्तों द्वारा 2021 में लखनऊ से राष्ट्रीय ग्रामीण साक्षरता मिशन का झुग्गी झोपड़ी एवं ग्रामीण स्तर पर गरीब बच्चों को पढ़ने लिखाने एवं स्कूल बैग ,ड्रेस स्वेटर जैसे अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य रजिस्टर कराया गया था। जिसकी डायरेक्ट अनिता उपाध्याय, रत्नाकर उपाध्याय व को फाउंडर, सौरभ सिंह बने, जिनका छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र समेत कुल 15 राज्यों में कार्यक्षेत्र था। इनके द्वारा लोकल एजेंटों के माध्यम से राष्ट्रीय ग्रामीण साक्षरता मिशन में माल सप्लाई में अच्छे लाभ का लालच देकर, वेंडरों को झांसे में लेकर उनसे 25 लाख रुपए सिक्युरिटी मनी, डीडी के रूप में व 50 हजार रुपए प्रोसेसिंग चार्ज व कार्य दिलाने के नाम पर 10- 10 लाख रुपए नगद अलग से लिए जाते थे।

### लोकल एजेंट का करते थे इस्तमाल

इसी दौरान इनके द्वारा लोकल एजेंट प्रांशु अग्रवाल के माध्यम से पत्थलगांव निवासी प्रार्थी अमित अग्रवाल से सीएसआर फंड से प्राप्त राशि से माल सप्लाई में अच्छा फायदा का लालच देकर 25 लख रुपए सिक्योरिटी मनी 50 हजार रुपए प्रोसेसिंग चार्ज और विंडो से काम दिलाने के नाम पर 15 लख रुपए नगद लिया गया था। अमित अग्रवाल से 5 करोड़ 70 लाख व टीबर्ड इंटर प्राईजेज बिलासपुर तथा पूर्णिमा ट्रेडिंग रायगढ़ से क्रमशः 5 करोड़ 70 लाख इस प्रकार कुल 17 करोड़ 10 लाख रूपए का माल सप्लाई कराकर छल पूर्वक चेक प्रदाय किया गया है।

### अलग अलग राज्यों में 1 सौ 50 करोड़ की धोखाधडी 12 केश दर्ज

पुलिस की जांच में पता चला है, कि अभियुक्तों द्वारा उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र , दिल्ली, व छत्तीसगढ़ राज्य में विभिन्न व्यावसायिक संस्थाओं से 150 करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी की गई है। जिसमें अभियुक्तों के विरुद्ध विभिन्न राज्यों में 12 से अधिक प्रकरण भी दर्ज हैं। अभियुक्त के पास लखनऊ में 24, दिल्ली में 2 फ्लैट एवं 2 करोड़ 50 लाख की रेंज रोवर गाड़ी विवेचना दौरान पुलिस को पता चला है कि मुख्य अभियुक्त रत्नाकर उपाध्याय के पास अवैध आर्थिक गतिविधियों से कमाए रुपयों से लखनऊ में 24 फ्लैट, दिल्ली में 2 फ्लैट, जिनकी कीमत लगभग 40करोड़ रुपए है, साथ ही ढाई करोड़ रूपए के रेंज रोवर गाड़ी भी है। पुलिस द्वारा मामले के सभी अभियुक्तों की संपत्तियों के संबंध में भी जानकारी इकट्ठा की जा रही है।

## सीपीएल-3 पर जेसीसी क्लब जगदीशपुर का कब्जा

# क्रिक्रेट अनिश्चितता का खेल : कौशल्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

- रोमांचक आतिशबाजी के बीच फ्लड नाइट क्रिकेट का समापन

क्रिकेट अनिश्चिताओं का खेल है। यह बातें कौशल्या साय ने ग्राम पंचायत गझियाडीह में आयोजित फ्लड लाइट जीपीएल सीजन 3 क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित ग्रामीण स्तर क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही गई। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में सबसे बड़ी जीत दर्शकों की हुई है। जिन्हे आज फाइनल मैच के रूप में जबर्दस्त मुकाबला देखने को मिला है। मैच में अंत तक रोमांच बना रहा। मुख्यातिथि कौशल्या साय द्वारा विजेता व विशिष्ट अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता उपविजेता टीम को कप व पुरस्कार राशि से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।



विजेता टीम को ट्राफी प्रदान करतीं कौशल्या साय।

27 मई से शुरू हुआ यह प्रतियोगिता में 32 टीमों के बीच हुआ मुकाबला ग्राम पंचायत गंझियाडीह में जीसीसी क्रिकेट क्लब द्वारा ग्रामीण स्तरीय सात चार क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दस दिवस तक आयोजित प्रतियोगिता में 32 टीमों ने हिस्सा लिया। जगदीशपुर व स्टार इलेवन सोठी की टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह बनाई। फायनल मैच में ग्राम जगदीशपुर के खिलाड़ियों द्वारा शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्धारित आठ ओवरों में 51 रन का लक्ष्य खड़ा कर दिया। इसका पीछा करने उतरी सोठी की टीम ने निर्धारित आठ ओवर में आंकड़ा पहुंचा नहीं पाई। इसके उपरांत कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा विजेता व उपविजेता टीम के साथ उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले गोलू को मैंन आफ द सीरीज का अवॉर्ड विशिष्ट अतिथि वेदप्रकाश भगत जिला पंचायत सदस्य एवं मैंन आफ द मैच शरद रजवाड़े को विशिष्ट अतिथि मुक्तेश्वर साय भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं वेस्ट बॉलर बलराम को सरपंच हेमलता पैंकरा वेस्ट बेस्टमैन गोलू उड़ेल को भाजयुमो महामंत्री कमल यादव वेस्ट फील्डर बंटी को शिशुपाल यादव प्रबंधक कोनपारा एवं वेस्ट कीपर शोमिल को भाजयुमो उपाध्यक्ष शिवकुमार साय वेस्ट अंपायर नंदकिशोर साहू को पूर्व सरपंच जयकृष्ण साय पैंकरा के हाथों खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गोलू मिश्रा, हनुमान पारीक,संगीता पैंकरा,पंकज गुप्ता,दीपक राम,गोपेशचंद्र साय,संपति साय,बैजनाथ साय,शिवप्रसाद गुप्ता,केदार यादव , जसमत साय, एल एस सिदार,जे के सिदार सुखराम निराला मुन्ना साय अमरजीत सिंह ,अरुण गुप्ता उपस्थित रहे।

## मिशन वात्सल्यः नवजात बालक का अवैध दत्तकग्रहण होने से रोका गया

**जशपुरनगर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य अंतर्गत एक नवजात बालक का अवैध दत्तकग्रहण होने से रोका गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बगीचा विकासखण्ड के रेंगले ग्राम पंचायत में एक अविवाहित महिला ने 05 मई 2025 को शासकीय अस्पताल में एक बालक को जन्म दिया था।

उक्त बालक को 06 मई 2025 को मनोरा विकासखण्ड के ग्राम नगरकोना के दम्पत्ति द्वारा बिना कानूनी प्रक्रिया के आपसी समझौता कर गोद लेने हेतु प्रक्रिया की जा रही थी। उक्त प्रक्रिया की जानकारी जिला बाल संरक्षण अधिकारी को प्राप्त होने पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा पुलिस, चाइल्ड लाईन, जिला बाल संरक्षण इकाई व दत्तकग्रहण एजेसी के कर्मचारियों की टीम बनाकर उचित कार्यवाही हेतु भेजा गया। जहां बालक के माता दत्तकग्रहण लेने वाले दम्पत्ति व नवजात बालक को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति जशपुर में प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार नवजात बालक को दत्तकग्रहण एजेंसी जशपुर में अस्थायी संरक्षित किया गया है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री चंद्रशेखर यादव द्वारा बताया गया कि किसी भी नाबालिक बालक बालिकाओं का बिना कानूनी प्रक्रिया के दत्तकग्रहण हेतु प्रक्रिया किया जाना कानूनी अपराध है। वैध दत्तकग्रहण हेतु दत्तकग्रहण विनियम 2017 में दिये गये निर्देशानुसार भावी माता-पिता को केन्द्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण के वेबसाईट में आवेदन करना होगा। अधिक जानकारी के लिए जिला बाल संरक्षण इकाई (मिशन वात्सल्य) के कार्यालय में तथा विशेशिकृत दत्तकग्रहण एजेंसी के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## विद्यार्थियों का कराया गया मुंह मीठा

**कोतबा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित के बाद कोतबा के स्वामी आत्मानंद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी अपने नगर व विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा 10 वीं और 12 वीं के हिंदी मीडियम और अंग्रेजी मीडियम में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों के घर जाकर नगर की पहली महिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन सुनील शर्मा ने गुलदस्ता भेंटकर उनका मुंह मीठा कराते उनकी उज्वल भविष्य की कामना करते कहा कि बेशक हमारे विद्यालय के छात्र-छात्रों ने छत्तीसगढ़ के टॉप 10 में जगह नहीं बनाई इससे कतई चिंता करने की बात नही है.

उन्होंने अपेशा अनुरूप परिणाम नहीं आने वाले छात्रों से कहा कि आप हतोत्साहित न हो बल्कि दुगुने जोश से आगे कड़ी मेहनत करें,जिससे सफलता अवश्य मिलेगी. उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार की शिक्षा से जुड़ी चीजों को अवगत कराते हुए कहा कि आज सरकार शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर सभी विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुये विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है.इन



योजनाओं के तहत भी आप अच्छे स्कूलों में दाखिला देकर नगर सहित स्कूल व अपने परिवार के माता-पिता का नाम रोशन कर सकते है। इस बार भी बोर्ड परीक्षा परिणाम अनुरूप लड़कियों ने फिर बाजी मारते अव्वल रहीं, हालांकि 12 वीं में लड़कों ने भी उत्कृष्ट परिणाम लेकर परचम लहराया। इस वर्ष भी छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता की पताका फहराई। विशेष रूप से अंग्रेजी मीडियम में 10वीं कक्षा में पूर्वी साहू ने 94% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जशपुरनगर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के छात्रों ने वर्ष 2024-25 के बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। दसवीं और बारहवीं दोनों कक्षाओं के हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों माध्यम के परिणामों में छात्रों ने उत्कृष्टता का परचम लहराया है। कुल 47 अंग्रेजी माध्यम और 22 हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। अनुष्का सिंह ने राज्य प्रावीण्य सूची में सातवीं रैंक हासिल की। 30 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 100 प्रतिशत छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विज्ञान संकाय (गणित व जीव विज्ञान) 25 छात्र एवं वाणिज्य संकाय में 23 अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थी और 23 हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों ने परीक्षा दी रूपेश लायक (गणित संकाय) ने 95.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, लेकिन मेरिट लिस्ट में सिर्फ 2 अंकों से चूक गए।16 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक स्कोर किया। 100 प्रतिशत छात्र प्रथम श्रेणी में पास हुए। हिंदी माध्यम की राधिका भगत 10 वीं में 93.5 प्रतिशत एवं खुशी परवीन 12वीं में 92 प्रतिशत प्राप्त किया।

## प्रवेश के लिए संकल्प संस्थान की चयन सूची जारी

**जशपुरनगर।** जिला कलेक्टर रोहित व्यास एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव में कक्षा 9 वीं में हिन्दी माध्यम की कुल 120 सीटों में प्रवेश हेतु काउन्सिलिंग 21 से 24 अप्रैल तक संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में आयोजित की गई थी। 120 सीट के लिए 376 परीक्षार्थियों की काउन्सिलिंग उपरांत चयन सूची जारी कर दी गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 20 मई 2025 तक प्रवेश लेने का समय दिया गया है।

इस बारे में जानकारी देते हुए संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव में कक्षा 9 वीं में हिन्दी माध्यम की कुल 120 सीटों में प्रवेश हेतु काउन्सिलिंग उपरांत चयन समिति की अनुशंसा से चयन सूची आज जारी कर दी गई है। इस परीक्षा में कुल 1607 परीक्षार्थी बैठे थे। कुल 187 छात्राओं एवं 189 छात्रों को काउन्सिलिंग हेतु



बुलाया गया था। प्रवेश के लिए चयनित अभ्यर्थियों को सूचना दी जायेगी। नवीन शैक्षिक सत्र में संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में कक्षा 9 वीं में 20 छात्र एवं 20 छात्राओं जिसमें 03 बालक एवं 02 बालिका पहाड़ी कोरवा के एवं संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी में कक्षा 9 वीं में 20 छात्र एवं 20 छात्राओं संकल्प शिक्षण संस्थान पत्थलगांव में कक्षा 9 वीं में 20 छात्र एवं 20 छात्राओं को प्रवेश दिया जायेगा। संकल्प शिक्षण संस्थान में कक्षा 9 वीं में प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों को आईआईटी, नीट परीक्षा की तैयारी करायी जाती है।

# 10 वीं में बालिका तो 12 वीं में बालकों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों बोर्ड परीक्षा 10 वीं और 12 वीं का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कोतबा के पीएमश्री सेजेश स्कूल अंग्रेजी व हिंदी माध्यम के बच्चों ने 10वीं 12 वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय सहित शिक्षकों का नाम रोशन किया। इस बार भी बोर्ड परीक्षा परिणाम अनुरूप लड़कियों ने फिर बाजी मारते हुए अव्वल रहीं, हालांकि 12 वीं में लड़कों ने भी उत्कृष्ट परिणाम लेकर परचम लहराया। कक्षा 10वीं में पूर्वी साहू 94 प्रतिशत, अनुष्का शर्मा 91 प्रतिशत और पल्लवी बंजारा 89 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान में रही। हाई स्कूल में कुल परीक्षा परिणाम कुल 94 प्रतिशत रहा इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में बॉयो ग्रुप में अनुराग बंजारा ने 81.8 प्रतिशत कॉमर्स ग्रुप में अभिषेक गुप्ता 84 प्रतिशत प्रतिशत, बॉयो से अमीषा सिदार 81.6 पतिशत, तनीषा शर्मा 80 प्रतिशत प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम, द्वितीय, और तृतीय स्थान में रहे। सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं और अच्छे अंक अर्जित कर विद्यालय और माता पिता का नाम रोशन करने पर विद्यालय परिवार के प्राचार्य जयकुमार सिदार श्याम साय पैंकरा, दुर्योधन यादव, मनीष शर्मा एवं समस्त शिक्षकगणों के द्वारा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।


पीएमश्री सेजेश स्कूल से बाजी मारने वाले विद्यार्थियों के साथ शिक्षक।



## डीपीएस की निशा ने 12वीं में हासिल किया पांचवां स्थान

- स्कूल का परिणाम रहा शत- प्रतिशत

**जशपुरनगर।** डीपीएस की होनहार छात्रा निशा एक्का ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। निशा की इस उपलब्धि से न केवल उनके स्कूल, बल्कि पूरे जिले में खुशी और गर्व की लहर दौड़ गई है। उन्होंने वाणिज्य संकाय में 96.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर यह मुकाम हासिल किया। वहीं के होनहार छात्र मुशाहिद अंसारी ने 92.8 प्रतिशत, अनस अली 85.6 प्रतिशत एवं विज्ञान संकाय में आयुषी किस्पोट्टा 85 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर ओम प्रकाश सिन्हा ने निशा, मुशाहिद और सभी 12वीं के बच्चे की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि यह स्कूल के लिए गौरव का क्षण है। ऱनिशा की मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास ने उसे यह ऊंचाई दिलाई है। हम सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

### उच्च पद में करना चाहती है सेवा

निशा का सपना है कि वह भविष्य में एक ऊंचे पद पर कार्य करते हुए देश की प्रगति में योगदान दे। उसकी इस सफलता से प्रेरणा लेकर अब जिले के अन्य छात्र भी उच्च लक्ष्य की ओर अग्रसर होंगे।

### रिटायर्ड फ़ौजी की बेटी ने दिखाया वूमेन पावर

निशा एक्का की इस सफलता और परिश्रम ने यह साबित कर दिया है कि सुदूर अंचल से भी प्रतिभाएं निकल कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं। निशा एक्का के माता-पिता साधारण परिवार से आते हैं। उनके पिता रिटायर्ड सैनिक (फौजी) हैं और माता गृहिणी हैं। कठिन परिस्थितियों के बावजूद निशा ने कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर यह उपलब्धि हासिल की। मुशाहिद और निशा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और स्कूल के सहयोगी वातावरण को दिया।

8-MAY- JASH-CORIYA-RGH-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/8/2025 7:31 PM Page 1



# फिल्मी हस्तियों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की

*नई दिल्ली। अभिनेता रजनीकांत, अक्षय कुमार, अजय देवगन अल्लू अर्जुन, अभिनेत्री कंगना रनौत समेत कई फिल्मी हस्तियों ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में मंगलवार देर रात भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की गई सैन्य कार्रवाई की सराहना की है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए बर्बर आतंकवादी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। भारतीय सेना ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। इनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना शामिल है। दक्षिण भारत के सुपरस्टार रजनीकांत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'योद्धा की जंग शुरू...जब तक मिशन पूरा नहीं हो जाए, रुकना नहीं है। पूरा देश आपके साथ है प्रधानमंत्री, गृहमंत्री ऑपरेशन सिंदूर ...जय हिंद।' अभिनेता अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक तस्वीर साझा की जिस पर 'ऑपरेशन सिंदूर' लिखा नजर आ रहा है। अभिनेता ने इसे साझा करते हुए लिखा, 'जय हिंद। जय महाकाल।' अजय देवगन ने कहा, 'हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और हमारी भारतीय सेना को सलाम करता हूं। जय हिंद!'*

## हमारे असली नायकों को सलाम



मलयालम सुपरस्टार ममूटी ने भी भारतीय सशस्त्र बलों को सलामी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'हमारे असली नायकों को सलाम! ऑपरेशन सिंदूर ने फिर साबित कर दिया..., जब देश पुकारता है तो भारतीय सेना जवाब देती है। जीवन बचाने और उम्मीद जगाने के लिए धन्यवाद। आप पर देश को गर्व है। जय हिंद!' अभिनेत्री कंगना रनौत ने आतंकवाद को 'कतई बर्दाश्त नहीं करने' के सरकार के रुख को दोहराया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर लिखा, 'जो हमारी रक्षा करते हैं, भगवान उनकी रक्षा करें। हमारे सुरक्षाबलों की सुरक्षा और सफलता की कामना करती हूं। 'ऑपरेशन सिंदूर' । अभिनेता अल्लू अर्जुन ने लिखा, "न्याय मिले। जय हिंद। ऑपरेशन सिन्दूर।'

## सम्पूर्ण भारत को पुनः वीरता की भावना से भर दिया : पवन कल्याण



आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और अभिनेता पवन कल्याण ने राष्ट्रवादी कवि रामधारी सिंह दिनकर की हिंदी कविता 'परशुराम की प्रतीक्षा' की कुछ पंक्तियां उद्धृत कीं। उन्होंने लिखा, 'वीरता जहां पर नहीं, पुण्य का क्षय है। वीरता जहां पर नहीं, स्वार्थ की जय है।' सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर किए गए उसी पोस्ट में कल्याण ने बताया कि भारत ने किस प्रकार 'दशकों तक सहिष्णुता' का परिचय दिया। उन्होंने लिखा, 'तीनों सेनाओं के वीर नेतृत्व को हृदय से धन्यवाद, जिन्होंने बहुत कष्ट सहकर मौन बैठे सम्पूर्ण भारत को 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से पुनः वीरता की भावना से भर दिया तथा उनके साथ मजबूती से खड़े रहने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को भी हृदय से धन्यवाद...!! हम सदैव आपके साथ हैं। जय हिंद!! प्रकाश राज ने कहा, 'हमारे भारतीय सशस्त्र बलों को सलाम.. भारत कभी भी आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा.. जय हिंद।'

## दुनिया में आतंकवाद की कोई जगह नहीं: सुनील शेट्टी



सुनील शेट्टी ने 'इंस्टाग्राम' पर लिखा कि दुनिया में आतंकवाद की कोई जगह नहीं है। उन्होंने लिखा 'आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे। पूर्ण न्याय। 'ऑपरेशन सिंदूर' ।' अभिनेता सिद्धार्थ मलहोत्रा ने 'इंस्टाग्राम' स्टोरी पर लिखा, 'आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं। जय हिंद की सेना।' विक्की कौशल ने भारतीय ध्वज की एक तस्वीर साझा की और इसे कैप्शन दिया, 'जय हिंद, जय सेना, ऑपरेशन सिंदूर।' पृथ्वीराज सुकुमारन ने कहा कि आतंकवाद को कहीं भी, किसी भी रूप में रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, 'हमारे सशस्त्र बलों को सलाम। जय हिंद।' फिल्मकार शेखर कपूर ने कहा कि भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले का जवाब जिम्मेदारी से और आत्मविश्वास के साथ दिया है।

## सशस्त्र बलों की बदौलत हुआ न्याय : रणवीर इलाहाबादिया



पॉडकास्टर और इन्फ्लुएंसर रणवीर इलाहाबादिया ने 'इंस्टाग्राम' के माध्यम से कहा कि हमारे सशस्त्र बलों की बदौलत न्याय हुआ है। अपने पोस्ट में इलाहाबादिया ने यह भी कहा कि एक आम पाकिस्तानी भारत का दुश्मन नहीं है। उन्होंने कहा, 'यह पाकिस्तानी आतंकवादी हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पाकिस्तानी सेना के आला अधिकारी और आईएसआई के लोग इसमें शामिल है।' पाकिस्तानी नागरिकता छोड़ भारतीय नागरिकता हासिल करने वाले गायक अदनान सामी ने 'एक्स' पर लिखा, 'जय हिंद। ऑपरेशन सिंदूर।' गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 29 अप्रैल को शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में सेना को खुली छूट दी थी, ताकि वह पहलगाम आतंकवादी हमले का जवाब देने के लिए स्थान, समय और तरीका खुद तय कर सकें। अभिनेता रितेश देशमुख ने लिखा, 'जय हिंद की सेना भारत माता की जय।'

## टीवी सितारों ने इंडियन आर्मी को किया सलाम

*नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले का गुस्सा अब जाकर शांत हुआ है। भारत ने 15 दिन के अंदर ही इसका बदला ले लिया है। 7 मई को भारतीय सेना ने पाकिस्तानी आतंकियों को ढेर कर गिराया जिसके बाद देशभर में जश्न का माहौल. बॉलीवुड, साउथ और टीवी जगत के सितारों ने सामने आकर भारतीय सेना पर गर्व जताते हुए उनकी तारीफ की है।*



टीवी सीरियल 'अनुपमा' फेम रूपाली गांगुली ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा- 'ऑपरेशन सिंदूर के नायकों को सलाम। साहस और सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने आतंकवाद के ठिकानों को तबाह कर दिया। भारत गर्व के साथ सिर ऊंचा कर खड़ा है। जय हिंद'। वहीं, दिव्यांका त्रिपाठी दहिया ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर इंडियन आर्मी के एक्स पोस्ट का स्क्रीनशॉट शेयर किया, जो 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर था। इस स्क्रीनशॉट को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा- 'इंडियन आर्म्ड फोर्सेस सदैव विजयी भव।'

एक्ट्रेस काम्या पंजाबी, हिना खान ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर ऑपरेशन सिंदूर पर भारतीय सैनिकों की पीठ थपथपाई है। हिना खान ने एक्स पोस्ट में लिखा, 'ऑपरेशन सिंदूर, जय हिंद।' उन्होंने भारतीय तिरंगे की इमोजी भी शेयर की है।





तेजस्वी प्रकाश ने जवानों की सराहना करते हुए एक्स पोस्ट में लिखा, 'पाकिस्तान के खिलाफ सफल ऑपरेशन करने के लिए भारत को बधाई। अगर इस ऑपरेशन में हमने अपना राफेल खो दिया है तो कोई बात नहीं जय हिंद।

### माहिरा ने दिखाया असली रंग



15 दिन पहले पाकिस्तान के आतंकवादियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम पर आतंकी हमला किया था, जिसमें 26 भारतीय मासूमों की जान चली गई थी। अब भारत ने जवाबी कार्रवाई में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में मौजूद नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है, इस ऑपरेशन की सराहना पूरा देश कर रहा है। इसी बीच पाकिस्तानियों को यह घटना रास नहीं आ रही है, जिस कड़ी में पाक एक्ट्रेस माहिरा खान का एक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने भारत के खिलाफ अपना जहर उगला है। पाकिस्तानी अभिनेत्री माहिरा खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है, जिसका स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें उनकी नफरत भरी मानसिकता देखी जा सकती है। उन्होंने लिखा कि वह बहुत सौभाग्यशाली हैं कि ऐसे देश में रहती हैं, जहां उन्हें अपनी बात कहने के लिए रोका नहीं जाता। आगे उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को बिना सबूत के गलत ठहराया जाता है। इसके अलावा उन्हें भारत द्वारा की गई यह कार्रवाई पसंद नहीं आई, इसकी एक्ट्रेस ने निंदा की है। अभिनेत्री माहिरा खान नफरत के जहर में इस कदर डूबी हुई हैं कि वो इतने पर भी नहीं रुकी। उन्होंने आगे अपनी स्टोरी में लिखा कि भारत देश सालों से नफरत और युद्ध की बातें करता रहा है, जिसे उन्होंने अपनी आंखों से देखा है। इसके अलावा एक्ट्रेस ने कहा कि भारत की मीडिया बांटने का काम करती है।

## फवाद खान ना घर के ना घाट के

पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान की हालत धोबी के कुत्ते की तरह हो गई है। वह ना घर के रह गए हैं ना घाट के।



भारत में बैन होने के बाद अब उन्हें अपने मुल्क में भी प्रशंसकों की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, बुधवार को भारत के हवाई हमलों में मारे गए आतंकियों के लिए फवाद खान ने शोक जताया। इसके बाद से पाकिस्तानी प्रशंसकों में आक्रोश पैदा हो गया और उन्होंने अभिनेता की कड़ी आलोचना की। अभिनेता ने लिखा, 'इस शर्मनाक हमले में घायल और मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। मैं मृतकों की आत्मा की शांति और आने वाले दिनों में उनके प्रियजनों के लिए शक्ति की प्रार्थना करता हूं। सभी से एक सम्मानजनक अनुरोधः भड़काऊ शब्दों से आग को भड़काना बंद करें। यह निर्दोष लोगों की जान के लायक नहीं है। बेहतर समझ की जीत हो।'कई भारतीय फिल्मों में काम कर चुके फवाद खान ने भारत द्वारा आतंकियों पर किए गए एयर स्ट्राइक पर जहर उगलने से बाज नहीं आए, लेकिन उनके अपने ही देश के लोगों ने उनकी आलोचना शुरू कर दी। फवाद का इंस्टाग्राम हैंडल भारत में ब्लॉक कर दिया गया है, लेकिन पोस्ट का स्क्रीनशॉट वायरल हो रहा है। दावा किया जा रहा है कि इसके लिए उन्हें कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा, जिसके बाद उन्होंने अपनी पोस्ट को हटा दिया।

## हम अपनी सेना के साथ हैं : निमरत कौर





फिल्मकार मधुर भंडारकर ने लिखा, 'हमारी प्रार्थनाएं सेना के साथ हैं। देश एकजुट है। जय हिंद, वंदे मातरम।' अभिनेत्री निमरत कौर ने 'इंस्टाग्राम' पर लिखा, 'हम अपनी सेना के साथ हैं। एक देश, एक मिशन। जय हिंद।' निमरत कौर के पिता सेना में अधिकारी थे और उन्हें शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था। अभिनेता अनुपम खेर ने ऑपरेशन सिंदूर की पोस्ट साझा की और लिखा, 'भारत माता की जय।'




# 'परम सुंदरी' 25 जुलाई को होगी रिलीज

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की नई फिल्म 'परम सुंदरी' का इंतजार कर रहे फैंस के लिए खुशखबरी है। 'परम सुंदरी' का 58 सेकंड का टीजर 9 मई को रिलीज होने वाली फिल्म 'भूल चूक माफ' के साथ सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। 'परम सुंदरी' की स्क्रिप्ट आरश वोरा और गौरव मिश्रा ने लिखी है। फिल्म का संगीत सचिन-जिगर ने तैयार किया है और गीत अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। सिनेमैटोग्राफी संतानकृष्णन ने की है। डायरेक्टर तुषार जलोटा इससे पहले ओटीटी फिल्म 'दसवीं' बना चुके हैं। वह 'बर्फी' और 'पद्मावत' जैसी फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम कर चुके हैं। यह उनकी पहली थियेटर रिलीज फिल्म है। 'परम सुंदरी' 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल, फिल्म की टीम इसकी आखिरी शूटिंग में जुटी है।



# आपके बच्चों को बनना होगा शेर राजा...

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'मैंने प्यार किया' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री भाग्यश्री ने आज सोशल मीडिया पर अपने दोनों बच्चों के साथ एक अनदेखी तस्वीर शेयर की है और साथ ही उन्होंने इस तस्वीर के साथ पेरेंटिंग टिप्स का एक वीडियो भी शेयर किया है। भाग्यश्री ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में पहले एक तस्वीर दिखाई दे रही है, जिसमें भाग्यश्री ब्लैक गॉगल में अपने दोनों बच्चो के साथ दिखाई दे रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक अपना दिलचस्प वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कई पेरेंटिंग टिप्स दिए हैं।भाग्यश्री ने आगे लिखा, 'आज की दुनिया में.... और यह जंगल जितना भयंकर हो सकता है, यह जीवित रहना है जो मायने रखता है।... और ऐसा करने में सक्षम होने के लिए, आपके बच्चों को शेर राजा बनना होगा।'

# मेट गाला में हमारी ड्रेस थी सबसे शानदार



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने उन नेटिजन्स पर कड़ी प्रतिक्रिया दी, जो 'मेट गाला' में बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए भारतीय सेलेब्स को ट्रोल कर रहे थे। 'मेट गाला 2025' में शाहरुख खान, कियारा आडवाणी, दिलजीत दोसांझ, प्रियंका चोपड़ा और कई अन्य सेलेब्स शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद इंटरनेट पर कुछ लोगों ने इसे मेट का चांदीवेलिफिकेशन (चांदीकरण) कहा। मशहूर फैशन समीक्षक डाइट सब्या ने अपने पोस्ट में इस तरह के कमेंट पर सवाल उठाए। इस मुद्दे पर जान्हवी कपूर ने भी अपनी राय रखते हुए भारतीय सेलेब्स की उपस्थिति पर सवाल उठाने वालों की आलोचना की। जान्हवी ने कमेंट करते हुए लिखा, 'यह सही समय था। हमारे आर्टिस्ट और डिजाइनर दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं, वह मेट जैसे वैश्विक मंच पर सुर्खियों के हकदार हैं। हमारे आइकन भी हैं।' अभिनेत्री ने आगे कहा, 'क्या हमें इस बात पर खुश नहीं होना चाहिए कि हमें आखिरकार अपना हक मिल रहा है, बजाय इसके कि हम इस बात पर दुखी हों कि इस मंच पर अपने ही लोगों को देखकर यह थोड़ा कम महत्वाकांक्षी लग रहा है? क्या मैं कह सकती हूं कि हमारी ड्रेस सबसे शानदार थी। दशकों से हमारे आर्टिस्ट के काम को हमारे देश से निर्यात किया जाता रहा है और बिना किसी क्रेडिट के वैश्विक मंचों पर रखा जाता रहा है। दशकों से उन्होंने हमारे कपड़े, हमारी कढ़ाई, हमारे वस्त्र, हमारे आभूषण उधार लिए हैं और इसे एक ऐसी रचना के रूप में प्रस्तुत किया है, जिसके वे असली मालिक हैं। मुझे खुशी है कि हमारे लोगों को आखिरकार हमारे काम और विरासत का इतना प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल रहा है। कुछ भी हो मेट में हमारे कलाकारों और परिधानों को देखकर मुझे जो गर्व की अनुभूति हुई, उसने पूरे मेट को और भी जादुई बना दिया।' यूजर्स ने जान्हवी कपूर के इंडस्ट्री के लिए खड़े होने की सराहना की। मंगलवार को शाहरुख खान समेत कई सितारों शिरकत की। कियारा आडवाणी ने इस कार्यक्रम में अपना बेबी बंप दिखाते हुए अपनी चमक बिखेरी।

## टीवी मसाला



# सिद्धार्थ को याद कर रो पड़ीं जैस्मिन भसीन

**मुंबई।** बिग बॉस 13 विनर सिद्धार्थ शुक्ला का जाना उनके चाहने वालों के लिए शॉकिंग था। जिन लोगों ने उनके साथ काम किया, वे अभी तक सदमे में हैं। जैस्मिन भसीन और सिद्धार्थ शुक्ला दिल से दिल तक में काम कर चुके हैं। लंबे समय बाद दोनों बिग बॉस के सेट पर मिले। इसके बाद दोनों फिर से मिलने का प्लान बनाते रह गए। जैस्मिन एक पॉडकास्ट में सिद्धार्थ को याद करके रो पड़ीं।

सिद्धार्थ शुक्ला को याद करके बोलीं, 'सब लोग बोलते हैं, वक्त का कुछ पता नहीं। हम सिर्फ बोलते हैं, फॉलो नहीं करते। इस केस में सच में ऐसा ही हो गया- पता ही नहीं चला, अचानक हो गया। बहुत कुछ था जिस पर बात करनी थी, क्योंकि हम बिग बॉस के सेट पर बहुत समय बाद मिले थे। मैंने सिर्फ सुना था ऐंग्जाइटी अटैक पैनिक अटैक के बारे में, क्या होता है ये फील कर लिया। एक झटका था कि वह बिना गुडबाय कहे ही चले गए।' जैस्मिन ने बताया कि उन्हें इस बात का हमेशा पछतावा रहेगा कि वे पहले मिल लिए होते साथ में और ज्यादा समय बिता लिया होता या बातें ही ज्यादा कर ली होतीं। जैस्मिन बोलीं कि वे लोग चैट में कहते ही रह गए, 'हां मिलते हैं, मिलते हैं' और अचानक सिद्धार्थ चल बसे। जैस्मिन बोलीं, 'मेरे पेरेंट्स हमेशा कहते हैं, जो अच्छे लोग होते हैं उनको भगवान जल्दी बुला लेता है। मुझे लगता है कि वह महान इंसान थे तो भगवान ने उन्हें भी बुला लिया।'

# फिल्मों में आज भी जिंदा हैं टैगोर के विचार

**नई दिल्ली।** रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई 1861 को कोलकाता के जोड़ासांको ठाकुरबाड़ी में हुआ था। बुधवार को टैगोर साहब की 164वीं जयंती मनाई गई। रवींद्रनाथ टैगोर का सिनेमा से गहरा नाता था और उन्होंने साल 1932 में आई एक फिल्म का निर्देशन भी किया था। टैगोर का सिनेमा से प्रत्यक्ष संबंध सीमित रहा, लेकिन उनकी रचनाओं और विचारों ने भारतीय फिल्मों को एक अलग नजरिया और गहराई प्रदान करने का काम किया। आइए जानते हैं टैगोर के फिल्मी योगदान के बारे में।

***जब नोबेल पुरस्कार विजेता ने बनाई पहली फिल्म*** : भारत में सिनेमा की शुरुआत साल 1913 में हुई और पहली मूक फिल्म बनी 'राजा हरिश्चंद्र', जिसे दादा साहेब फाल्के द्वारा निर्देशित किया गया था। रवींद्रनाथ टैगोर एक विचारशील व्यक्ति थे, जिन्होंने कई नाटक, उपन्यासकार लिखे थे। 1932 का वो साल था जब टैगोर साहब ने खुद के निर्देशन में एक मूक फिल्म बनाई, जिसका नाम था 'नातिर पूजा'। इस फिल्म की कहानी टैगोर के ही लिखे एक नाटक पर आधारित थी। फिल्म



की शूटिंग चार दिनों में ही पूरी हो गई थी, जिसमें टैगोर साहब ने अभिनय भी किया था। इस फिल्म में नितिन बोस ने सिनेमैटोग्राफर और सुबोध मित्रा ने संपादन का काम संभाला था। हालांकि, यह फिल्म व्यावसायिक रूप से असफल रही थी।

***सत्यजीत रे और रवींद्रनाथ टैगोर का रहा खास नाता*** : रवींद्रनाथ टैगोर और सत्यजीत रे का एक अलग ही संबंध दिखता है, क्योंकि सत्यजीत रे ने टैगोर की कहानियों पर आधारित कई फिल्में बनाई हैं। साल 1961 में सत्यजीत रे ने एक फिल्म बनाई, जिसका नाम था 'तीन कन्या'। इस फिल्म की कहानी टैगोर साहब की लिखी गई तीन कहानियों 'द पोस्टमास्टर', 'मोनिहारा' और 'समाप्ति' पर आधारित थी। इसके अलावा सत्यजीत रे ने टैगोर की कहानियों पर आधारित 'चारुलता', 'घर-बाइरे' जैसी फिल्में भी बनाई। वहीं, उन्होंने साल 1961 में रवीन्द्रनाथ टैगोर पर आधारित एक डाक्यूमेंट्री फिल्म भी बनाई थी।

***रवींद्रनाथ टैगोर की कहानियों पर आधारित चर्चित फिल्में*** : रवींद्रनाथ टैगोर साहब ने प्रत्यक्ष रूप से तो नहीं, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से सिनेमाई दुनिया को एक दिशा देने का काम किया है। उनकी कहानियों, नाटक और उपन्यास पर आधारित कई फिल्में बनाई गई हैं। उनकी कहानियों में ज्यादातर स्त्री विमर्श के मुद्दे देखने को मिलते हैं। कई फिल्में उनकी कहानियों को केन्द्र में रखकर बनाया गया है, जिनमें 'काबुलीवाला', 'नौकाडूबी', 'लेकिन', 'चोखेर बाली', 'चार अध्याय' आदि फिल्में शामिल हैं।

## बॉलीवुड में जल्द ही 'ऑपरेशन सिंदूर' पर फिल्म बनाने की हो रही चर्चा

# ऑपरेशन सिंदूर से पहले हुए इन ऑपरेशंस पर बन चुकी हैं फिल्में

*नई दिल्ली। भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकवादियों पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत एयर स्ट्राइक की गई। जानिए अब तक सेना द्वारा किए गए किन ऑपरेशंस पर फिल्में बन चुकी हैं। भारतीय सेना ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का करारा जवाब दिया है। देर रात सेना ने पाकिस्तान में आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर उन्हें नेस्तनाबूत कर दिया। इस कार्रवाई को सेना ने नाम दिया 'ऑपरेशन सिंदूर'। सोशल मीडिया पर यह खबर सामने आने के बाद से ही यह चर्चा बनी हुई है कि जल्द ही बॉलीवुड में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर फिल्म बनाई जाएगी। इसे लेकर यूजर्स ने कई तरह के ट्वीट किए हैं। किसी ने मांग की है कि इस फिल्म में अक्षय कुमार को लीड रोल में रखा जाए, तो वहीं किसी का कहना है कि विक्की कौशल इस फिल्म के लिए बेस्ट चॉइस हैं।*

### ऑपरेशन विजय (कारगिल युद्ध, 1999)

साल 1999 में भारत-पाकिस्तान के बीच हुए कारगिल युद्ध में भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को धूल चटा दी थी। इस घटना को 'ऑपरेशन विजय' नाम दिया गया था। इस घटना पर आधारित हिंदी



सिनेमा में कई फिल्में बनी हैं। साल 2003 में जेपी दत्ता के निर्देशन में 'एलओसी' फिल्म बनाई गई, जिसकी कहानी कारगिल युद्ध की घटना पर आधारित है। इसके अलावा फरहान अख्तर के निर्देशन में साल 2004 में 'लक्ष्य' फिल्म बनी, जो भारत और पाकिस्तान के बीच हुए कारिगल युद्ध की घटना को दिखाती है। वहीं, 2021 में विष्णुवर्धन के निर्देशन में 'शेरशाह' फिल्म बनीं, जो इसी कारिगल युद्ध पर फिल्माई गई थी, जिसमें भारतीय सेना की शौर्यता दिखाई गई है।

### सर्जिकल स्ट्राइक (2016)



18 सितंबर की वो तारीख थी, जब पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर के उरी सेक्टर में एलओसी के पास स्थित भारतीय सेना के मुख्यालय पर आतंकी हमला किया था। इसमें 18 भारतीय जवान शहीद हो गए थे। इसके जवाब में भारत ने पाकिस्तान के घर में घुसकर स्ट्राइक की और 40 आतंकवादियों को ढेर कर दिया था। इस घटना पर साल 2019 में आदित्य धर के निर्देशन में एक फिल्म बनीं 'उरी-द सर्जिकल स्ट्राइक', जिसमें भारतीय सेना ने आतंकियों पर कैसे हमला किया इसे दिखाया गया था। इस फिल्म में विक्की कौशल मुख्य भूमिका में नजर आए थे।

### बालाकोट एयरस्ट्राइक (2019)



साल 2019 में पाकिस्तान के आतंकवादियों ने कायराना हरकत करते हुए भारतीय सेना की बस पर पुलवामा में हमला कर दिया था, जिसमें 40 सैनिक शहीद हो गए थे। इसके जवाब में भारत ने बालाकोट एयरस्ट्राइक करके पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया था। भारत के इस सैन्य कार्रवाई पर एक फिल्म बनी 'फाइटर', जिसे सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनाया गया था। इस फिल्म की कहानी बालाकोट एयरस्ट्राइक पर आधारित थी। इसमें ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिका में थे।

## खबर संक्षेप



### केलो नहर के निरीक्षण में पहुंचे चौधरी

**रायगढ़।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पुसौर विकासखण्ड के विभिन्न गांवों का दौरा किया। यहां उन्होंने केलो नहर निर्माण की प्रगति का जायजा लिया। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने ग्राम देवलसुर्रा, दर्रीपाली, मल्दा, पडिगांव, पुसौर और बाघाडोला में लघु नहर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। वित्त मंत्री चौधरी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से अब तक की हुई प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। ईई केलो परियोजना मनीष गुप्ता ने बताया कि लघु नहरों के लिए खुदाई का काम चल रहा है। करीब 80 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। मुख्य वितरक नहरों का कार्य लगभग पूरा किया जा चुका है। जो शेष काम है उसे भी तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। इस बीच नहर मार्ग में आने वाले स्ट्रक्चर निर्माण के लिए भी आवश्यक कार्य किया जा रहा है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि निर्माण कार्यों के लिहाज से गर्मी का यह समय अनुकूल है, इसका लाभ लेते हुए समुचित संसाधनों के साथ तेजी से कार्यों को आगे बढ़ाते हुए बारिश शुरू होने से पूर्व पूरा करें। इस दौरान एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, एसडीओ सिंचाई एमके डाहिरे व एसडीओ अमृत लाल टंडन सहित सभी विभाग के उपअभियंता, स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### एनडीए में जाना चाहता है नमन

**पुसौर।** अभिनव स्कूल पुसौर के इंग्लिश मीडियम में कक्षा 10वीं परीक्षा में नमन साव ने जिला में सर्वाधिक अंक हासिल कर जहां स्कूल को गौरवान्वित किया वहीं पुसौर क्षेत्र एवं परिवार जनों के लिए यह गौरव के क्षण है। तहसील मुख्यालय पुसौर के स्थापित अभिनव स्कूल सहित अन्य स्कुलों में लगभग प्रतिवर्ष 10 वीं एवं 12वीं में यहां के छात्र निश्चित ही टाप टेन में आते थे। इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में यहां के छात्र टाप टेन मे तो नहीं आए लेकिन इनके अंक जिले में सर्वाधिक लाए हैं ऐसा पुष्टि किया जा रहा है इस तथ्य पर यहां के प्राचार्य अक्षय कुमार सतपथी ने बताया कि इस वर्ष भी हमारे यहां के छात्र टाप टेन में आने की उम्मीद थी। हमारे 10 वीं के छात्रों में से हिन्दी मीडियम के एक छात्रा 1 नंबर के लिए टाप टेन के लिए चुक गई वहीं इंग्लिश मीडियम में नमन साव का 3 नंबर के लिए टाप टेन से चुक हुआ। बावजूद इसके इनका अंक जिला स्तर पर सर्वाधिक है इस आशय से पुसौर क्षेत्र के लिए एक उपलब्धि माना जा रहा है। नमन साव ने अपने इस उपलब्धि को शाला परिवार एवं पिता पुसौर मुनिसपल वाईस चेयरमेन उमेश साव व परिवार जनों को देते हुए कहा कि मेरे लक्ष्य नेशनल डीफेन्स एकेडमी में जाने का है इसके लिए मैं इंग्लिश मीडियम में पढाई शुरू किया है।

### नगर पंचायत पुसौर का घेराव करने ज्ञापन

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर द्वारा एनटीपीसी लारा के बनाए गए सार्वजनिक शौचालय को चालू कराने का आश्वासन पिछले कई माह पूर्व से दिया गया है, जिसमें वह कभी अमल में नहीं ला रहा है जिसके कारण आते जाते हुए लोगों को भारी तकलीफ का सामना करना पड रहा है इस तथ्य के मद्देनजर नगर पंचायत पुसौर के जागरूक लोगों ने शाला समिति अध्यक्ष भरत षडंगी के नेतृत्व में नगर पंचायत पुसौर, थाना व तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। जानकारी के मुताबिक 13 मई तक नगर पंचायत प्रबंधन द्वारा उक्त सार्वजनिक शौचालय को चालु नहीं कराया गया तो कार्यालय का घेराव किया जाएगा। ज्ञात हो कि उक्त सार्वजनिक शौचालय बस स्टैण्ड पुसौर के स्कूल के अहाते में निर्मित है जहां महिला एवं पुरूषों के लिए अलग अलग शौचालय है जिसे एनटीपीसी लारा द्वारा बडे ही गुणवत्ता के साथ निर्माण किया और इसे संचालन करने नगर पंचायत पुसौर को अधिकृत किया जिसमें नगर पंचायत पुसौर इसे संचालन करने के लिए आए दिन टाल मटौल किया जा रहा है जिसके कारण लोगों में आक्रोश है।

## तकनीकी सुधार से रजिस्ट्री प्रक्रिया बन रही सरल और सुगम : ओपी

# रजिस्ट्री के बाद स्वतः नामांतरण अलग से नहीं करनी होगी प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पंजीयन विभाग में रजिस्ट्री को लेकर की गई दस नई क्रांतिकारी पहल पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि एक आम आदमी जीवन में एक दो बार ही रजिस्ट्री करता है। यह जीवन में सबसे बड़ी खुशियों के पल में से एक होता है। पूरे जिंदगी की मेहनत से वह यह उपलब्धि हासिल करता है। उसका यह अनुभव अच्छा हो इस भावना के साथ हमने प्रदेश में रजिस्ट्री की प्रक्रिया को दस नई पहलों के जरिए सुगम, सरल व पारदर्शी बनाने का काम किया है। जिससे पंजीयन का सिस्टम बेहतर बने, लोगों को अधिक सुविधाएं मिले, उनकी दिक्कतें कम हो और सबसे महत्वपूर्ण इस पूरी प्रक्रिया में भ्रष्टाचार की संभावनाएं खत्म हो।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि पिछले डेढ़ सालों में हमने पंजीयन की प्रक्रियाओं की खामियों एवं समस्याओं को समझते हुए उसके समाधान तथा पूरी प्रक्रिया को बेहतर बनाने का प्रयास किया है। सबसे पहले पंजीयन प्रक्रिया में पारदर्शिता को बढ़ावा देने सुगम ऐप लॉंच किया गया था। इस ऐप के माध्यम से जमीन के अक्षांश देशांश के साथ उसकी वास्तविक फोटो भी अपलोड हो जाती है। रजिस्ट्री की जटिल प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए पंजीयन विभाग की टीम ने पिछले सवा सालों में लगातार काम किया। टीम ने देश के अलग अलग प्रदेशों के पंजीयन प्रक्रिया का अध्ययन किया, यही नहीं टीम ने दूसरे देशों के सिस्टम को भी जाना। जिसके आधार पर प्रदेश में बेस्ट प्रेक्टिसेस को लागू करने की रूप रेखा तैयार की गई। प्रदेश में तकनीक आधारित सुधार पर जोर दिया गया है। फर्जी रजिस्ट्री के मामले रोकने के लिए क्रेता विक्रेता की पहचान सीधे आधार नंबर और बायोमेट्रिक से जोड़ी जा रही है। वाट्सअप के माध्यम से रजिस्ट्री के लिए स्लॉट बुकिंग के साथ पंजीयन पूर्णता पर रजिस्ट्री की प्रति भी वाट्सअप पर प्राप्त होगी।






### व्हाट्सएप मैसेज सर्विसेज

पंजीयन कराने वाले क्रेता.विक्रेता को अपाईन्टमेंट सहित पंजीयन होने तक सभी प्रकार के अपडेट एवं एलर्ट व्हाट्सएप में ही प्राप्त होंगे। रजिस्ट्री की प्रति भी व्हाट्सएप से ही डाउनलोड हो जायेगी।

### डिजीलॉकर की सुविधा

रजिस्ट्री दस्तावेजों को डिजिलॉकर में सुरक्षित स्टोर किया जाएगा, ताकि आवश्यकता पडने पर पक्षकार को आसानी से डिजीटल प्रमाणित दस्तावेज उपलब्ध हो जाए।

### आटो डीड जनरेशन की सुविधा

डिजीडॉक सेवा के माध्यम से किरायानामा, शपथ पत्र, अनुबंध जैसे गैर पंजीकृत दस्तावेज अब घर बैठे डिजिटल स्टाम्प के साथ ऑनलाइन तैयार किए जा सकते हैं।

### घर बैठे रजिस्ट्री

दस्तावेज निर्माण, स्टाम्प भुगतान और रजिस्ट्री प्रक्रिया अब पूरी तरह ऑनलाइन होकर घर से ही पूर्ण की जा सकती है। अभी यह सेवा 10 प्रकार के दस्तावेजों में शुरू हो गई है।

### रजिस्ट्री के साथ होगा स्वतः नामांतरण

नामांतरण की इस प्रक्रिया में महीने लग जाते थे, इस बीच वही संपत्ति अन्य को बेच दिये जाने पर पीड़ित पक्षकारों को न्याय के लिए भटकना पड़ता था। अब पंजीयन के तुरंत बाद ही स्वतरू नामांतरण होने से न केवल समय की बचत होगी बल्कि आम जनता को फर्जीवाडे का शिकार भी नही होना पड़ेगा।

### पंजीयन विभाग तैयार कर रहा खुद का सॉफ्टवेयर

वित्त मंत्री ने कहा कि पंजीयन संबंधी रिकार्ड डिजीटल किया जा रहा है। अब तक सन 1986 तक का रिकार्ड डिजीटल कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पंजीयन विभाग द्वारा विभिन्न प्रदेशों व राष्ट्रीय स्तर के सॉफ्टवेयर के आंकलन के पश्चात प्रदेश के लिए उत्कृष्ट व आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक सॉफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है जो देश के सर्वश्रेष्ठ सॉफ्टवेयर में से एक होगा। अगले 6 महीने में इसे पूर्ण करने का लक्ष्य है।

### रजिस्ट्री के लिए क्रांतिकारी पहल

फर्जी रजिस्ट्री रोकने के लिए आधार सत्यापन : पंजीयन साफ्टवेयर को आधार लिंक किया गया है, पंजीयन के समय क्रेता.विक्रेता एवं गवाहों की पहचान आधार रिकार्ड व बायोमेट्रिक के माध्यम से की जाएगी जिससे गलत व्यक्ति को खड़े कराकर पंजीयन नही हो सकेगा।

### ऑनलाइन सर्च एवं डाउनलोड की सुविधा

ऑनलाईन सर्च का प्रावधान होने से खसरा नंबर डालते ही उस खसरे के पूर्व के समस्त लेनदेन की जानकारी एक क्लिक पर प्राप्त हो सकेगी। खसरा नंबर दर्ज कर संपत्ति की पूर्व रजिस्ट्री की जानकारी देखी जा सकती है।

### भारमुक्त प्रमाण पत्र की सुविधा

संपत्ति पर ऋण, बंधक या पूर्व विक्रय की स्थिति अब ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाण पत्र के माध्यम से आसानी से ज्ञात की जा सकती है। एकीकृत कैशलेस भुगतान की सुविधा : स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क का एक साथ सुविधानुसार क्रेडिट डेबिट कार्डए पीओएस मशीन, नेट बैंकिंग अथवा यूपीआई से फीस का भुगतान हो सकेगा।

## मेंटेनेंस में लाखों खर्च फिर भी नहीं मिल रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



सारंगढ़ जिले मे उमस भरी गर्मी से जहां लोग परेशान है, वहीं दूसरी ओर बिजली की बार बार ट्रिपिंग के कारण बिजली के उपकरण भी खराब हो रहे हैं। बिजली कंपनी ने वृक्षों की टहनियों में काट छांट कर प्री मेंटेनेंस पूरा बता दिया है स्थिति यह है कि हर दिन बिजली सप्लाई प्रभावित हो रही है। सुबह से लेकर रात तक हर घंटे बिजली की ट्रिपिंग हो रही है। शहरी क्षेत्र सहित ग्रामीण इलाकों में भी विद्युत की समस्याएं लगातार बरकरार है।

विभागीय अधिकारियों का दावा था की बिजली की समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी लेकिन समस्या हर दिन और भी बढ़ती जा रही है। सारंगढ़ के बरमकेला क्षेत्र मे लगातार कई बार ट्रिपिंग होने की समस्या बनी रही। जिससे विद्युत विभाग पर क्षेत्र के जनता काफ़ी आक्रोश हैं। बहरहाल विद्युत विभाग द्वारा मेन्टेनेंस कार्य के नाम पर भारी खर्च होने के बावजूद, उपभोक्ताओं को बिजली न मिलने का एक गंभीर मुद्दा है। इस समस्या को हल करने के लिए विद्युत विभाग को वितरण प्रणाली को अपडेट करना, बिजली के उपकरणों में निवेश करना, बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाना, प्रशासनिक सुधार करना और उपभोक्ता शिकायतों को सुनना चाहिए।

फिलहाल बरमकेला क्षेत्र में विद्युत विभाग कि उदासीन रवैया से क्षेत्र में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस, ताराचंद पटेल ने कहा कि विद्युत विभाग कि उदासीन रवैया से क्षेत्र के लोग बेहद परेशान हैं उन्हें सही समय पर बिजली नहीं मिलना यह एक गंभीर मुद्दा है लोगो को काफ़ी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है वहीं ओमप्रकाश पिंटूद्ध चौहान ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्तओ कि समस्याओ को नजर अंदाज कर रही है ठेके मे हर वर्ष सही बिजली देने लाखों रुपए खर्च करती है पर आमजनों को इसका सही लाभ नहीं पहुंच पाना निंदनीय है।

### सोनाली ने 10 वीं में 92 प्रतिशत प्राप्त किया अंक



**कटेली।** 7 मई को 10वीं एवं 12वीं की परिणाम घोषित हो गया है जिससे मेधावी विद्यार्थिओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। प्रदेश के छात्र छात्राए के साथ पालको में भी उत्साह देखा गया है। शाम 5 बजे 10 वीं का परिणाम घोषित हुआ जिसमें सारंगढ़ के बिलासपुर रोड में स्थित ग्राम पिकरी की छात्रा सोनाली जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर सरसिंवा की छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 92 प्रतिशत से उत्तीर्ण हुआ है जिससे गांव पिकरी के साथ जायसवाल कलार समाज एवं क्षेत्र के लिए गौरव की पल है। जनपद पंचायत सभापति मुकेश साहू ने 92 प्रतिशत से उत्तीर्ण होने वाली छात्रा एवं उनके माता पिता को बधाई दिया है साथ ही उन्होंने कहा है कि जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 17 में आने वाली ग्राम पंचायत पिकरी की बहन सोनाली ने पूरे क्षेत्र में अपना परचम लहराया है उनका यह रिजल्ट आने वाली विद्यार्थी पीढ़ी को प्रेरणा देगा साथ ही उन्होंने कहा यह मेरे लिये मेरे क्षेत्र के लिए गौरव का पल है।

## शिक्षिका ने कलेक्टर को भेंट की स्वनिर्मित वस्तुएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



गत दिनों सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कलेक्टर का ग्राम लुकापारा में सुशासन तिहार अभियान के तहत आगमन हुआ इस दौरान कलेक्टर शासकीय हाईस्कूल लुकापारा भी आकस्मिक निरीक्षण हेतु पहुंचे। इस दौरान कलेक्टर ने स्कूल के संबंध में जानकारी।

इस दौरान कलेक्टर को यहां की शिक्षिका ईश्वरी भोई ने गोल्डन ग्रास से स्वयं द्वारा निर्मित सामान भेंट किया। उन्होंने बताया कि गोल्डन ग्रास से बनी वस्तुओं में कई वर्षो तक प्राकृतिक चमक बनी रहती है। बता दे कि श्रीमती भोई पिछले कई वर्षों से अपने विद्यार्थियों को अध्यापन के साथ साथ वेस्टेज मटेरियल से सजावटी और घरेलू उपयोग का सामान बनाना सीखा रही हैं। इनका मानना कि हमारे घरों में ऐसी बहुत सी वस्तुएँ होती हैं। जिन्हें हम बार बार उपयोग कर सकते हैं। फेंकने की बजाय बहुत कम प्रयास से उसे नया रुप दे सकते हैं। इस तरह से विद्यार्थियों में यूज एंड थ्रो की मानसिकता को बदल सकते हैं। श्रीमती भोई विद्यार्थियों को पुराने कागज, कपड़े, प्लास्टिक, पॉलिथिन, कार्डबोर्ड, ग्लास, पत्तों, आसपास मिलने वाली घास लकड़ी प्लाई आदि के टूकड़ों को नये रंग रुप में बदलना सीखाती हैं। इनके विद्यार्थी वेस्टेज मटेरियल से बाजार जैसी राखी, दीया स्टैंड और दीया बनाना सीखते हैं। विद्यार्थियों को सीखाते समय बनी हुई विभिन्न प्रकार की वस्तुओं को देखकर जिला शिक्षा अधिकारी सारंगढ़ पटेल ने इनकी लगन की तारीफ की। श्रीमती भोई का मानना है कि पुनःप्रयोग के आदत को अपनाकर हम अपनी प्यारी धरती पर कचरे का दबाव कम कर सकते हैं। इस अवसर पर श्रीमती भोई ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी बरमकेला को कागज से बना कलमदान भेंट किया।

## टॉपर्स रोनित चौहान की कहानी बनी प्रेरणा का स्रोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

■ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कोतरा के छात्रों ने बढ़ाया गौरव



शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, कोतरा के विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं में शानदार प्रदर्शन कर पूरे जि ले का गौरव बढ़ाया है। इस वर्ष 9 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर न सिर्फ विद्यालय बल्कि अपने माता पिता और गुरुओं का नाम रोशन किया है। इनमें विशेष रूप से टॉपर्स छात्र रोनित चौहान का नाम सभी के लिए प्रेरणा बनकर उभरा है।

रोनित चौहान एक बेहद साधारण और मध्यमवर्गीय परिवार से आते हैं। उनके पिता ओमप्रकाश चौहान गाँव के कोटवार हैं और माता श्रीमती रेणु चौहान एक गृहिणी हैं। आर्थिक रूप से सीमित संसाधनों के बावजूद इस परिवार ने कभी अपने बेटे के सपनों के आड़े कोई कमी नहीं आने दी। रोनित की सफलता में उसके परिवार का त्याग और प्रेम झलकता है विशेष रूप से उनकी दादी श्रीमती नानकन चौहान का स्नेह औरआशीर्वाद, जिन्होंने रोनित को हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। रोनित अपनी दादी से बेहद प्रेम करता है और उनकी ममता को अपनी सबसे बड़ी शक्ति मानता है। इस सफलता के अवसर पर रायगढ़ कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों और अभिभावकों को देते हुए कहा कि ऐसी उपलब्धियाँ समाज को नई दिशा देती हैं।वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी टॉपर्स को शुभकामनाएं दीं और रोनित से विशेष बातचीत कर उसके आईएएस बनने के लक्ष्य की सराहना करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया।जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. केवी राव सहायक संचालक शिक्षा तरशिला एक्का, डीएमसी नरेंद्र चौधरी और एपीसी भुवनेश्वर पटेल ने विद्यार्थियों को मिठाई, पुष्पगुच्छ और उपहार देकर सम्मानित किया। और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्राचार्य आरसी नवनीत ने शिक्षकों अभिभावकों और छात्रों को इस सफलता का सहभागी बताया और रोनित सहित सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। अंग्रेजी माध्यम के नोडल व्याख्याता वीर सिंह ने कहा कि रोनित की सफलता माता पिता और शिक्षकों के समर्पण का प्रतिफल है। उन्होंने असफल छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में अवसर बार बार मिलते हैं हार मानना विकल्प नहीं है। सभी छात्रों को जीवन के कौशल पर ध्यान देने की सलाह दी और कहा यह जीवन की अंतिम परीक्षा नहीं है।

## चार जगहों में लगा समाधान शिविर, लोगों को मिला लाभ

लोगों ने कहा सुशासन तिहार जन सामान्य के समस्याओं का त्वरित निराकरण की अच्छी पहल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनताए जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। जिसका परिणाम जिले के समाधान शिविरों में दिखने लगा हैए जहां लोगों को समस्याओं के समाधान के साथ ही उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने का कार्य भी किया जा रहा है।

सुशासन तिहार के तीसरे चरण के दूसरे दिन आज जिले के चार स्थानों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। खरसिया के बोतल्दा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जहां बताया गया कि कुल प्राप्त 1779 आवेदनों में से 1760 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शिविर में मौके पर 05 हितग्राही को राशन कार्ड, 5 हितग्राही को पीएम आवास की प्रतिकात्मक चॉबी, उद्यान विभाग विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को फलदार वृक्ष, स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र, कृषि विभाग द्वारा चार हितग्राही को स्प्रिंकलर, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड का वितरण एवं महिला बाल विकास द्वारा गोद भराई एवं अन्नप्रासन से महिलाओं और बच्चों को लाभान्वित किया गया। आवास से लाभान्वित सुरोती एवं फिरत राम पटेल तथा हैंड स्प्रेयर से लाभान्वित बोतल्दा के जीवन, बैस्कीमुड़ा के धरम सिंह एवं छोटे देवगांव के चैतराम ने कहा कि सुशासन तिहार लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान करने की अच्छी पहल है।

### हमीरपुर में 30 हितग्राहियों को मिला राशन कार्ड

तमनार के हमीरपुर समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में 30 पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड का वितरण किया गया। हमीरपुर क्लस्टर के कुल 2853 आवेदनों में से 2837 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। इसी प्रकार धरमजयगढ़ के बोजिया में आयोजित शिविर में आवेदकों को आवेदनों के निराकरण की स्थिति से अवगत करवाया गया। इस दौरान जाति प्रमाण पत्र, स्व.सहायता समूहों को सहायता राशि का वितरण किया गया।

## इस साल टॉपर्स से अछूता रह गया सारंगढ़-बिलाईगढ़

**सारंगढ़/बरमकेला।** बुधवार को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूल का परीक्षा परिणाम जारी किया। इस परिणाम में सारंगढ बिलाईगढ जिला अछूता रह गया। असल में टापटेन की जारी सूची में नवीन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के किसी विद्यार्थी को स्थान नही मिला है।

हालांकि टॉपटेन की सूची में स्थान बनाने से सुरेंद्र डनसेना महज एक नंबर से चूक गए। सुरेंद्र डनसेना ने ने 97.50 फीसदी अंको के साथ 10वी में जिले मे पहला स्थान प्राप्त किया। वही श्रीजी अग्रवाल ने 92.60 फीसदी अंको के साथ कक्षा 12वी में जिले में पहला स्थान प्राप्त कर बरमकेला अंचल का नाम रोशन किया। दोनो की मेधावी छात्र छात्रा मोना मार्डन स्कूल बरमकेला के विद्यार्थी हैं। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले मे 10वी और 12वी दोनो में मोना मार्डन स्कूल बरमकेला के विद्यार्थियो द्वारा स्थान जमाये जाने से बरमकेला अंचल में हर्ष का माहौल है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के द्वारा हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिसमे जिले के बरमकेला में स्थापित स्कूल मोना मार्डन स्कूल बरमकेला ने कक्षा 10वी और कक्षा 12वी में दोनो में पहले स्थान पर कब्जा जमा कर अपना लोहा मनवाया। टापटेन की जारी सूची में नवीन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के किसी विद्यार्थी को स्थान नही मिला है। मोना मार्डन स्कूल में कक्षा 10वी में 60 में से 59 परीक्षार्थियो ने सफलता प्राप्त किया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
18 मई, 04 जून, 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन